हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

11 विश्व पृथ्वी दिवस पर एमडीयू ने हरी-भरी ...

12 विद्यार्थी आउट ऑफ बॉक्स सोचकर खुद को अपडेट ..


## खबर संक्षेप

### मदवि में प्रो. भगत विभागाध्यक्ष मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर डॉ. भगत सिंह को शारीरिक शिक्षा विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. भगत सिंह को तुरंत प्रभाव से तीन वर्ष हेतु शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### डॉ. सुनीता को निदेशक का कार्यभार दिया गया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने संस्कृत विभाग की प्रोफेसर डॉ. सुनीता सैनी को सेंटर फॉर यौगिक स्टडीज के निदेशक का कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. सुनीता सैनी को सेंटर फॉर यौगिक स्टडीज के निदेशक का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से सौंपा गया है।



### प्रो. विनीता ईसी सदस्य मनोनीत

**रोहतक।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलोजी विभाग की सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. विनीता शुक्ला को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत की कार्यकारी परिषद में गवर्नर नॉमिनी मनोनीत किया है। राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी आईएएस ने इस संदर्भ में परिपत्र जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भगत फूल सिंह महिला विवि की कार्यकारी परिषद में बतौर गवर्नर नॉमिनी प्रो. विनीता शुक्ला को दो वर्ष के लिए नॉमिनेट किया।



### बिजली निगम का खुला दरबार कल

**रोहतक।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए स्थानीय राजीव गांधी विद्युत भवन स्थित चौथी मंजिल के कॉन्फ्रेंस हॉल में 24 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से एक बजे तक जोनल बैठक आयोजित होगी। बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता मनिंदर सिंह ने बताया कि जोनल बैठक में सभी उपभोक्ता जिनका बिल विवाद एक लाख से ज्यादा व तीन लाख तक है वह अपनी समस्याओं को फोरम के समक्ष रख सकते

### चमारिया में तोड़फोड़ करने गई टीम का विरोध

**रोहतक।** गांव चमारियां में अवैध कब्जे तोड़ने गई टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद टीम ने पुलिस की मदद से कई जगह से कब्जा हटवाया। ग्रामीणों ने गांव के सरपंच पर भेदभाव करने के आरोप लगाए। पहले ही करीब 60 भवन मालिकों को नोटिस दे दिए गए थे, जिसके बाद टीम कार्रवाई के लिए पहुंची थी। अधिकारियों के साथ पुलिस बल मौजूद रहा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच ने भेदभाव करते हुए तोड़फोड़ करवाई है।

### गर्मी बढ़ते ही आग की घटनाएं बढ़ी

**सांपला।** इलाके में गर्मी सितम ढाहने लगी है। आग की घटनाएं भी बढ़ाने शुरू हो गई। फाटक रोड पर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिससे सड़क के किनारे खड़े वन विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा पेड़ और एक किसान के फसल कटाई के बाद बचे अवशेष जलकर राख हो गए।

### दतोड़ खेत में रखी फसल चोरी

**सांपला।** दतोड़ गांव में अज्ञात व्यक्ति खेत में रखी गेहूं की फसल को चोरी कर ले गए। सीता राम ने बताया कि उसने रविवार को फसल निकाली थी। 10,11 मण गेहूं खेत में बने कोठड़े में रख दी।

---

निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग तथा सभी नगर पार्षदों की बैठक में बोले उपायुक्त

# पेयजल और सीवर की समस्या का समाधान करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करें अधिकारी

*संयुक्त आयुक्तों के नेतृत्व में टीम पैदल जाएगी वार्ड-वार्ड*

*व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ेंगे पार्षद और अधिकारी*

- प्राथमिकता के आधार पर समस्या का समाधान के निर्देश
- पार्षदों को उपलब्ध होगी वार्ड के सफाई कर्मियों की सूची
- डेयरी संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश
- सुपर सकर मशीन से करवाए सीवरों की सफाई
- सभी पार्षदों ने एक-एक करके रखी वार्ड की समस्या

**मीटिंग को संबोधित करते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा**




**मीटिंग में मौजूद नगर पार्षद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नगर की पेयजल व सीवर से संबंधित समस्याओं का स्थाई समाधान करने के लिए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में पेयजल व सीवर के मुद्दे को लेकर नगर निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग तथा सभी नगर पार्षदों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने करीब पांच घंटे चली मीटिंग में नगर निगम के मेयर रामअवतार वाल्मीकि और पार्षदों से बातचीत कर समस्याओं के निदान के आदेश दिए।

### प्राथमिकता पर समाधान

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नगर के सभी 22 वार्डों में पेयजल व सीवर से संबंधित समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम के दोनों संयुक्त आयुक्त, एक्सईएन व एसडीओ के साथ एक-एक वार्ड की गली-गली में पैदल निरीक्षण करके सीवर व पेयजल से संबंधित समस्या की मूल जानकारी एकत्रित करेंगे और साथ ही उनके समाधान के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### सफाई कर्मचारियों की सूची डालें

सीवर व पेयजल समस्या को लेकर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए। इस व्हाट्सएप ग्रुप में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, एक्सईएन, एसडीओ व सभी पार्षदों को शामिल किया जाएगा। ग्रुप में पार्षद अपने-अपने वार्ड से संबंधित समस्या का उल्लेख करेंगे। संबंधित अधिकारी उक्त समस्या का समाधान करने के बाद व्हाट्सएप ग्रुप पर ही अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की प्रत्येक वार्ड में तैनात किए गए सफाई कर्मचारियों की सूची व उनका मोबाइल नंबर भी ग्रुप पर डाला जाएगा ताकि संबंधित पार्षद को पता लग सके कि उसके वार्ड में कितने सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की सीवर कनेक्शन लगाने वाले रजिस्टर्ड प्लंबर की सूची भी ग्रुप पर डाली जाए।

### नालियों की सफाई के लिए टेंडर होगा

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नालियों की सफाई के लिए अलग से टेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को सुझाव दिया कि पानी की उपयोगिता के लिए हर जरूरी स्थान पर माइक्रो एसटीपी स्थापित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जो डेयरी अभी तक शहर से बाहर नहीं गई है उन पर नगर निगम के अधिकारी कार्रवाई करें। उन्हें नोटिस जारी करके डेयरियों को सील किया जाए। पार्षदों का कहना था कि एक बड़े इलाके में डेयरी की वजह से निकलने वाले गोबर से सीवर जाम की समस्या बनी रहती है। जब तक जिला को सुपर सकर मशीन नहीं मिल जाती तब तक पड़ोसी जिला सोनीपत से सुपर सकर मशीन लेकर सीवरों की सफाई का कार्य करवाया जाए।

### अमरूत टू में बनेंगे डिस्पोजल, बूस्टर

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि डिस्पोजल व बूस्टर आदि की मांग भविष्य को ध्यान में रखते हुए अमरूत टू में डाला जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अमरूत दो में कोई भी ऐसी गली ना बचें, जिसमें पेयजल व सीवर पाइपलाइन ना हो। उपायुक्त ने कहा कि वे स्वयं भी नगर के कुछ वार्डों की गलियों का दौरा करके पेयजल व सीवर से संबंधित समस्या का पता लगाएंगे। बैठक में सभी 22 वार्डों के पार्षदों में एक-एक करके अपने-अपने वार्ड से संबंधित समस्या का उल्लेख इस बैठक में किया और समाधान बारे भी सुझाव दिए।

### नक्शा बनाकर किया विकास का खाका तैयार

नगर के सभी 22 पार्षदों अधिकारियों को बैठक में उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के लंबे अनुभव का लाभ मिला। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा रोहतक में असिस्टेंट कमिश्नर अंडर ट्रेनिंग के अलावा नगर निगम के आयुक्त के पद पर भी कार्य किया है। इस दौरान धीरेंद्र खड़गटा पेयजल व सीवर से संबंधित समस्या का समाधान करने के लिए कड़ी मेहनत की थी। उन्होंने शहर के प्रत्येक हिस्से का दौरा करके धरातल पर समस्या को जाना था और समाधान के बारे में भी पूरा खाका तैयार करके अधिकारियों को दिया था। उपायुक्त ने एक कक्षा के अध्यापक की तरह बॉर्डर पर नक्शा बनाकर संबंधित अधिकारियों को बताया कि इस क्षेत्र में कौन सी समस्या है और उसका समाधान कैसे हो सकता है। उपायुक्त ने अधिकारियों को एक-एक नाले, सीवर व ड्रेन बारे बोर्ड पर नक्शा बनाकर दिखाया। उन्होंने साथ ही बताया कि समस्या का समाधान करने के लिए कौनसे कदम उठाने होंगे। उपायुक्त की इस कार्य शैली को देखकर सभी पार्षद उनके कायल हो गए।

### पार्षदों ने सफाई कर्मियों की भर्ती की मांग की

पार्षदों ने उपायुक्त के सामने टूटी सड़कों, सीवर की समस्या और सफाई न होने की शिकायतें की। उन्होंने कहा शहर के हर वार्ड में सफाई कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। इनकी संख्या बढ़ाया जाए। गंदे पानी के नालों की सफाई नहीं हो पा रही है। इनकी सफाई करवाई जाएगी। पार्षद कपिल नागपाल ने नगर निगम की गाड़ियों पर चालक भर्ती करने की मांग उठाई।

### जेई पर कार्रवाई की मांग की

कई पार्षदों ने नालों की सफाई का काम करने के लिए जिम्मेदार अधिकारी की शिकायत उपायुक्त के सामने की। आरोप लगाया गया कि अधिकारी पार्षदों के कॉल नहीं उठाता। न ही सही ढंग से जवाब दिया जाता। मेयर ने भी अधिकारी पर कार्रवाई के लिए कहा।



**रोहतक।** पेयजल व सीवर से संबंधित समस्याओं का स्थाई समाधान करने के लिए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश देते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा , नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह व मेयर रामअवतार वाल्मीकि।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता, संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, सिंचाई विभाग के एक्सईएन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व बिजली निगम के अधिकारियों के अलावा सभी वार्डों के पार्षद मौजूद थे।

### ये पार्षद रहे मौजूद

वार्ड एक के पार्षद अक्षय कुमार, वार्ड दो की आशालता, वार्ड तीन की ज्योति, वार्ड चार से रिंकू, वार्ड पांच से सुरेश चंद्र, वार्ड छह से नीरा भटनागर, वार्ड सात से कपिल नागपाल, वार्ड आठ से अंजू सैनी, वार्ड नौ से बिजेंद्र सिंह, वार्ड दस से मनीषा, वार्ड 11 के परिक्षित देशवाल, वार्ड 12 के सुशील, वार्ड 13 से कृष्णा, वार्ड 14 से कंचन खुराना, वार्ड 15 से अनीता, वार्ड 16 से मुक्ता, वार्ड 17 से डिंपल जैन, वार्ड 18 से बेबी रानी, वार्ड 19 से विजय कुमार गोयल, वार्ड 20 से प्रवीन कौशिक, वार्ड 21 से बिजेंद्र सिंह, वार्ड 22 की सुमन मौजूद रही।

---

मदवि में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया गया, बोले-प्रो. हरीश

## जनसंपर्क पेशेवरों के सामने हैं चुनौतियां

- संकट के समय शांति-सत्यता बनाए रखना जनसंपर्क पेशेवरों की मुख्य चुनौतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में मंगलवार को पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जिम्मेदार उपयोग जनसंपर्क की भूमिका विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार ने कहा कि संकट के समय शांति और सत्यता बनाए रखना जनसंपर्क पेशेवरों के सामने मुख्य चुनौतियां हैं। उन्होंने आज के समय में प्रत्येक विभाग और संस्था में जनसंपर्क की आवश्यकता पर बल दिया ताकि उनकी बेहतर छवि और प्रतिष्ठा का निर्माण किया जा सके। जनसंपर्क एक जिम्मेदारी का कार्य है और इसमे बहुत सी चुनौतियां भी हैं। आज के तकनीक प्रधान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग बहुत ही ज़िम्मेदारी से किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से ही संस्थाओं और उनके हितधारकों के बीच एक विश्वास पैदा किया जा सकता है। जनसंपर्क में कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का जिम्मेदारी से उपयोग किया जाना चाहिए और संस्था से जुड़े हितधारकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभ एवं हानियों से अवगत करवाना चाहिए।



**रोहतक।** मदवि में कार्यक्रम को सम्बोधित करते पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह ने बताया कि आर्य नगर एरिया निवासी शीलकी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 25 दिसंबर 2024 को शीलकी अपनी एक्टिवा पर अपने निजी काम से गोहाना अड्डा, रोहतक आई थी।

शीलकी एक्टिवा पर अपना बैग छोड़कर चली गई। वापिस आने पर शीलकी को अपना बैग नहीं मिला। बैग में मोबाइल फोन व अन्य सामान मौजूद था। जांच के दौरान 21 अप्रैल को आरोपी गौरव उर्फ पोनी निवासी सल्लारा मोहल्ला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ चोरी, स्नैचिंग आदि धाराओ के तहत थाना पुराना सब्जी मंडी, रोहतक में 6 मामले दर्ज है।

---

फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ी पहुंची मौके पर, आग पर नहीं पाया गया काबू

## इंदरगढ़ में शार्ट शर्किट से लगी आग 250 एकड़ गेहूं की फांस जलकर राख

- किसान बोले- अचानक लाइट आने की वजह से ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी और तीन तरफ से लगी आग




**रोहतक।** खेत में फांस में लगी आग और घटना की जानकारी देते किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जींद रोड स्थित गांव इंदरगढ़ में शॉर्ट सर्किट की वजह से गेहूं की फांस में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते करीबन ढ़ाई सौ एकड़ गेहूं की फांस जलकर राख हो गई। यही नहीं आग इतनी भयानक थी कि फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां भी आग पर काबू नहीं पाया गया किसानों की माने तो अचानक से बिजली की लाइन चालू हुई और ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकली जिसके कारण तीन तरफ से आग लग गई। गेहूं की फांस में लगी आग ने करीबन 3 किलोमीटर का एरिया में आग ने तांडव मचाया। वहीं सूचना पाकर पटवारी पवन कुमार भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीबन ढाई सौ एकड़ गेहूं की फांस जलकर राख हुई है और दो कैनाल गेहूं में भी आग लगी है। किसान विनोद, नेकीराम, प्रताप, सहदेव, करमजीत, सरवन, कृष्णा, रोशन रामचंद्र, रमेश, जयपाल, सरदारा समेत सैकड़ो किसानों के गेहूं की फांस जली है। किसानों का कहना है कि आग इतनी भयानक थी कि करीबन 3 किलोमीटर तक का एरिया अपनी चपेट में ले लिया जो एक गांव से होते हुए दूसरे गांव तक पहुंच गई। करीबन तीन गांव के किसानों की गेहूं की फांस जल गई। किसानों का कहना है कि पशुओं के चारे के लिए उन्होंने यह गेहूं की फांस रखी थी।

---

### ट्रांसफार्मर को इंस्टॉल करने को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने छोटूराम नगर में ट्रांसफार्मर को इंस्टॉल करने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यूएचबीवीएन के औद्योगिक क्षेत्र के एसडीओ शिवम को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। धीरेंद्र खड़गटा द्वारा जारी दूसरे आदेश के तहत जिला की सांपला तहसील के गांव हसनगढ़ में अनाधिकृत कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सांपला खंड के बीडीपीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश द्वारा जारी तीसरे आदेश के तहत कलानौर खंड के गांव सांगाहेड़ा में कब्जा हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचायतीराज के एसडीओ अतुल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम | सम्मेलन धार्मिक और सामाजिक आस्था का प्रतीक बनेगा

## राज्यसभा सांसद कार्तिकेय ने 27 को पंचकूला में मनाए जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव का निमंत्रण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंगलवार को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं में पहुंचे। वहां आने पर संस्थाओं के पदेन सचिव व प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का स्वागत किया व ब्राह्मण समाज के लोगों ने पगड़ी बांधकर कार्तिकेय शर्मा का अभिनंदन किया। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा 27 अप्रैल को पंचकूला में मनाए जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव का निमंत्रण देने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर एक भव्य ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन न केवल धार्मिक और सामाजिक आस्था का प्रतीक बनेगा, बल्कि सामाजिक एकता की भी मिसाल पेश करेगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे, जबकि भारतीय जनता पार्टी के कई केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ राजनेता, पूर्व विधायक, संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ब्राह्मण समाज की पहल पर आयोजित किया जा रहा है, जो प्रदेशभर में ब्राह्मण समाज के हितों को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। करनाल में सफल ब्राह्मण सम्मेलन के बाद यह पंचकूला में उनकी बड़ी पहल है।



**रोहतक।** कार्यक्रम में राजयसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का पगड़ी बांधकर अभिनंदन करते प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक-सांस्कृतिक उत्थान की दिशा में पहल

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि ब्राह्मण समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक समस्याओं को समझना और उन्हें दूर करने के उपायों पर विचार करना है। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि वो पिता पंडित विनोद शर्मा की विरासत व सोच को सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित विनोद शर्मा ने ब्राह्मण समाज के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए, जिनमें आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग आरक्षण, दोहली की जमीन का समाधान तथा भगवान परशुराम के नाम पर संस्थान की स्थापना जैसी अहम पहल शामिल रही हैं। अब उनकी माता शक्ति रानी शर्मा जो कि विधायक हैं, वो इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं लेकर आ रही हैं और उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। राजयसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने के लिए वो स्वयं पूरे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं।

### राजकीय महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में भूगोल विभाग के तत्वाधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ परमभूषण आर्य ने किया। उन्होंने विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों को अपनी पृथ्वी की सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया। हमें अपने प्रत्येक जन्म दिवस पर एक-एक वृक्ष लगाने का सुझाव दिया। इसके साथ-साथ डॉक्टर अंकिता बेनीवाल नें भी विद्यार्थियों को अपने विचारों से अवगत करते हुए बताया कि अगर हम अपने चारों ओर के वातावरण को साफ- सुधरा और हरा भरा रखेंगे तभी एक अच्छे नागरिक का परिचय दे पाएंगे और अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रख सकेंगे। भूगोल विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर निधि ने भी विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण के नियमों से अवगत करवाया।



# ‘रेट्रो’ का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म ‘रेट्रो’ का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। ‘रेट्रो’ एक मई को रिलीज होने वाली है। ‘रेट्रो’ के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style



# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम ‘सैयारा’ है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, “फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

हॉलीवुड मसाला



# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है ‘नागजिला’। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# ‘डॉन-3’ में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ‘डॉन 3’ अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो ‘लाफ्टर शेफ’ में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, ‘शादी कब कर रही हैं?’ वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, ‘आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।’ इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।’ शो ‘लाफ्टर शेफ’में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह ‘नागिन’ सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। ‘एक हजारों में मेरी बहना है’ जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह ‘खतरों के खिलाड़ी’ जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

## अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, ‘वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!’ अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

## इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। ‘कल्पना’ बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

## नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।



## परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# ‘आमा-बुबू’ की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** ‘न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स’ के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म ‘पायर’ में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। ‘पायर’ फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म ‘पायर’ को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर ‘28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल’ में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को ‘16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव’ में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## ‘ग्राउंड जीरो’ में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म ‘ग्राउंड जीरो’ का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। ‘ग्राउंड जीरो’से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की ‘द कश्मीर फाइल्स’



1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म ‘आर्टिकल 370’ जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के




हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।

**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर ‘मिशन कश्मीर’ उस वक्त कश्मीर में फैले



आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।

**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म ‘शिकारा’ भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है।



फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।

**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म ‘फितूर’ की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म ‘कश्मीर की कली’ में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप



### अर्थ डे पर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में अर्थ डे के अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष प्रार्थना सभा से हुई जिसमें पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी की सुरक्षा का संदेश दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की जिसका विषय था पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ। इस नाटिका के माध्यम से बच्चों ने पृथ्वी के संसाधनों के संरक्षण और प्रदूषण पर रोक लगाने की प्रेरणा दी। जूनियर कक्षाओं के छात्रों ने सूखी पत्तियों से पृथ्वी का सुंदर क्राफ्ट कार्य बनाया, जो पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों का सुंदर उदाहरण था।



### नवयुग शिक्षा निकेतन में मनाया पृथ्वी दिवस

**रोहतक।** नवयुग शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाढौत रोड पर पृथ्वी दिवस सादगी पूर्ण ढंग से मनाया गया। जिसकी शुरुआत अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में की थी। उनकी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा पौधारोपण करवा कर पृथ्वी संरक्षण के रूप में मनाया। प्रिंसिपल शकुंतला अहलावत में बच्चों को अपने हर जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की शपथ दिलवाई। ताकि वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसे समस्याएं कम हो सके।




### पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर प्रातः कालीन विशेष सभा का आयोजन किया गया। कक्षा छठी की अध्यापिका धीरज ने बच्चों से पृथ्वी दिवस से संबंधित प्रश्न-उत्तर सांझा किये। जैसमीन सदन से कक्षा नौंवी की छात्रा प्राची ने इस अवसर पर भाषण दिया। कक्षा तीसरी से कायरा, कक्षा चौथी से रोनित, यशिका व पांचवी से माही, ईशानी ने पृथ्वी दिवस पर कविता वाचन किया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए ब्लू कलर डे का आयोजन किया गया। सभी बच्चे व अध्यापिका ब्लू कलर की वेशभूषा में आएं व नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों को ब्लू कलर व पृथ्वी दिवस के बारे में अवगत करवाया गया।

# जाट कॉलेज में 'अयोध्या में उत्खनन' विषय पर व्याख्यान

- मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. बीआरमणि रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय जाट सूरमा स्मारक महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 'अयोध्या में उत्खनन' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. बीआरमणि रहे। कॉलेज में पहुंचने पर मुख्य वक्ता डॉ. मणि और उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुषमा मणि का स्वागत कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी व इतिहास विभाग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कांता राठी ने किया। वहीं मुख्य वक्ता का धन्यवाद इतिहास विभाग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. डॉ. विवेक दांगी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शबनम राठी, इतिहास विभाग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. डॉ. विवेक दांगी, डॉ. शीशपाल राठी, डॉ. संजीत, डॉ. महिमा, डॉ. कांता राठी और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉ. शबनम राठी। *फोटो : हरिभूमि*

### उत्खनन की प्रक्रिया की गई

मुख्य वक्ता डॉ. मणि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि उत्खनन की प्रक्रिया बहुत ही सावधानी के साथ कई बड़े अधिकारियों और प्रशासन की टीम की देखरेख में बारीकी से की गई थी। इस खुराई में वहां मंदिर होने के अहम साक्ष्य मिले और उनका बारीकी से विश्लेषण किया गया था। डॉ. मणि ने बताया कि वहां की खुदाई में मंदिरों के अवशेष, कई चबूतरे, पिलर, दीवार, चित्र, सिक्के, बर्तन, टेराकोटा की मूर्तियां, कोपर के बर्तनों के अलावा जले हुए दीप भी मिले थे। इन सभी साक्ष्यों का विश्लेषण कई टीमों द्वारा किया गया। जिसमें पता चला कि यहां पर जहां मस्जिद थी उसके नीचे मंदिर था। इस उत्खनन में लंबा समय लगा परंतु इससे इसकी वास्तकिता का प्रमाण मिला। उन्होंने बताया कि जहां आज राम मंदिर बनाया गया है वहां पहले से मिले सभी साक्ष्य बता रहे हैं वहां हमारी आस्था बड़ा केंद्र रहा है।

### फसल उठान में लाएं तेजीः एसडीएम

**सांपला।** एसडीएम उत्सव आनंद ने मंगलवार को अनाज मंडियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडियों में पहुंचकर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आढ़तियों व किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में भी जाना। उन्होंने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में आने वाले किसानों को किसी प्रकार को समस्या नहीं आनी चाहिए तथा मंडी में किसानों के लिए सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए।

## वर्ष 2020 में ग्रीन मेंटरशिप पुरस्कार एमडीयू को मिला

# विश्व पृथ्वी दिवस पर एमडीयू ने हरी-भरी धरा बनाए रखने की दोहराई प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय पर्यावरण संपोषणीयता संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यावरण जागरूकता के लिए योजनाबद्ध ढंग से महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। विश्वविद्यालय विविध पर्यावरणीय पहल के तहत जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण, हरित ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पौधारोपण की दिशा में एमडीयू का निरंतर कार्य मिसाल बन रहा है। बता दें कि वर्ष 2018 में एमएचआरडी द्वारा सबसे स्वच्छ और हरित परिसर का खिताब एमडीयू को दिया गया। वर्ष 2020 में पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन मेंटरशिप पुरस्कार का एमडीयू को मिला।

एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पृथ्वी दिवस पर धरा को हरा-भरा बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण एक वैश्विक जरूरत बन चुका है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों को देखते हुए शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल शिक्षा प्रदान करें, बल्कि पर्यावरणीय चेतना भी विकसित करें। इस दिशा में विश्वविद्यालय ने पर्यावरणीय सततता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाबद्ध प्रयास किए हैं। वृक्षारोपण और जैव विविधता संरक्षण विश्वविद्यालय नियमित रूप से परिसर में, संबद्ध कॉलेजों में और पाँच गोद लिए गए गाँवों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन करता रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, इन पहलों ने हरित आवरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें आज एमडीयू परिसर में 75 प्रजातियों के लगभग 25,000 पेड़ हैं। स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने वाली स्वदेशी प्रजातियों पर जोर दिया जाता है। विवि परिसर में एक समर्पित हर्बल गार्डन औषधीय पौधों की 100 से अधिक प्रजातियों को संरक्षित करता है और पौधे आधारित चिकित्सा में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देता है। एक 3 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसबीआर तकनीक) सुरक्षित अपशिष्ट जल उपचार और पुनःउपयोग की सुविधा प्रदान करता है। सॉलिड वेस्ट, पेपर वेस्ट, लैबोरेट्री वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, ई-वेस्ट, हार्टिकल्चरल वेस्ट, किचन वेस्ट के समुचित प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। साथ ही, अतिरिक्त प्रयासों में वर्षा जल संचयन, खुले कुओं का पुनर्भरण और बेहतर जल प्रबंधन के लिए समोच्च बांध बनाना शामिल है। ऊर्जा दक्षता और हरित अवसंरचनाइस दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई हैं।



**रोहतक।** पौधारोपण करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### आज़ादी का अमृत महोत्सव समारोह मनाया

एमडीयू ने आज़ादी का अमृत महोत्सव समारोह तहत एक विशेष वृक्षारोपण पखवाड़ा के दौरान 75,000 पौधे लगाए गए। अगस्त 2024 में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम ने 250 से अधिक संबद्ध कॉलेजों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया, जिसमें प्रकृति और पोषण के बीच प्रतीकात्मक संबंध पर प्रकाश डाला गया।अपशिष्ट और जल प्रबंधनइस दिशा में सार्थक पहल करते हुए एक वेस्ट आडिट द्वारा अपशिष्ट पृथक्करण, खाद बनाने और पुनर्चक्रण के लिए सिस्टम को तैयार किया गया। परिसर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ई-कचरे और बायोमेडिकल कचरे को स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रमाणित एजेंसियों द्वारा संभाला जाता है।




फोटो 2 महम। पृथ्वी दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए सही राम स्कूल के शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

### सही राम स्कूल में पौधारोपण कर मनाया पृथ्वी दिवस

**महम।** द रॉयल सहीराम स्कूल में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष पर स्कूल मैनेजमेंट व स्टाफ सदस्यों द्वारा पृथ्वी को हरा भरा, स्वच्छ व संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर मेकिंग, चार्ट मेकिंग, कोलाज मेकिंग, कलर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग आदि का शानदार ढंग से आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने बहुत सुंदर रंग-बिरंगे चार्ट, पोस्टर, व स्लोगन लिखकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के समापन पर स्कूल निदेशक डॉक्टर प्रदीप भारद्वाज, प्राचार्या शीला दूहन, वीरमती बामल, विरेंद्र बामल व वीना ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डॉक्टर प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। आवश्यकता है उस प्रतिभा को दिखाने और निखारने की। जो अपनी प्रतिभा को निखार देता है, वह सफलता के चरमोत्कर्ष का आनंद प्राप्त करता है। अतः हम जो भी कार्य करें, पूरी लग्न, मेहनत व आत्मविश्वास से करें।

### अर्थ डे पर दिया पर्यावरण जागरूकता का संदेश



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 'अर्थ डे' मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने नाट्य मंचन के जरिए पेड़ों को न काटने तथा इस प्राकृतिक संपदा को नुकसान न पहुँचाने का संदेश दिया। भाषण,कविताओं व नृत्यगीतों के माध्यम से पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए सुंदर भावनाएं व्यक्त की गईं। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाकर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है।



### श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर में पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव मनाया



**रोहतक।** जहां पर तीर्थ धर्म है वहां पर अंत धर्म भी है। जब हम कोई कार्य करते है। तो उसे भी विधि से करते है। जब आप यहां पर कोई भी कार्य करते हैं तो आपको ज्ञान होना चाहिए की कैसी विधि से कार्य करना चाहिए। यह उद्गार मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर महाराज ने अपने संबोधन में श्रद्धालुओं को कहे। श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला एवं सकल जैन समाज द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर स्थित श्री 1008 भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जति जी में पांचवे दिन सात दिवसीय पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव में ज्ञान कल्याणक में मंत्र आराधना, पूजा हवन, महाराजा नाभि राय का दरबार, आदिकुमार का राज्यभिषेक, राज्य संचालन अभिषेक, नित्यमय पूजा, हवन विधान, मण्डल प्रतिष्ठा श्रद्धालुओं के द्वारा की गई व हर्ष उल्लास से मनाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि एक तीर्थ स्थान बन चुका हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण आसपास के क्षेत्रों से शामली, सहारनपुर, दिल्ली, अलवर, जींद, हिसार, गुरुग्राम, हांसी, झज्जर आदि से महोत्सव को देखने के लिए आ रहे हैं और भीड़ उमड़ कर पड़ रही है।

# इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर छात्रों ने पौधरोपण किया। कक्षा चार के छात्रों ने प्रधानाचार्या व अपने कक्षा अध्यापकों के साथ मिलकर विद्यालय के बगीचे में छायादार व फल देने वाले पौधे लगाए तथा उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली। सभी छात्रों ने पौधे लगाने व प्रकृति को बचाने की शपथ भी ली। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि अपने संदेश में विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मानव का यह कर्तव्य है कि प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान अवश्य दे। इसके लिए हमें अपने दैनिक जीवन शैली में बदलाव लाने होंगे व सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना होगा। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने कहा कि आज विश्व के महानगरों में रहने वाले मानव अपनी गलत दिनचर्या के कारण अनेक बिमारियों से पीड़ति हैं। अतः हमें शुद्ध हवा में सांस लेने के लिए केवल एक दिन ही नहीं बल्कि हर रोज पृथ्वी दिवस मनाना चाहिए और जंगलों के क्षेत्रफल को घटने से बचाना चाहिए।



### मार्केट न्यूज

### प्रेमसन्स ज्वैलर्सः 75 साल के विश्वास की नींव पर खड़ा एक प्रतिष्ठित ज्वैलरी ब्रांड



**रोहतक।** रोहतक का विजय टी स्टोर (पुरानी सब्जी मंडी के पास) बीते 75 सालों से ग्राहकों के भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक रहा है। इस व्यवसाय ने सालों तक अपनी शुद्धता और पारदर्शिता से एक मजबूत ग्राहक आधार बनाया। इसी विश्वास को आगे बढ़ाते हुए, 2013 में प्रेमसन्स ज्वैलर्स की नींव रखी गई। हालांकि ज्वैलरी व्यवसाय नया था, लेकिन ग्राहकों के साथ पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने की वही पुरानी परंपरा यहां भी जारी रही। शुरुआत में इस प्रतिस्पर्धी बाजार में टिकना एक चुनौती था, लेकिन ईमानदारी, उचित दाम और बेहतरीन डिजाइनों के कारण प्रेमसन्स ज्वैलर्स ने जल्दी ही ग्राहकों का भरोसा जीत लिया। सोने से लेकर हीरे तक, पारंपरिक से आधुनिक डिजाइनों तक, भारी से हल्के वजन की ज्वैलरी झ हर जरूरत और पसंद को ध्यान में रखते हुए एक अनूठा कलेक्शन तैयार किया गया। आज, प्रेमसन्स ज्वैलर्स सिर्फ एक दुकान नहीं, बल्कि शुद्धता और प्रामाणिकता का प्रतीक बन चुका है। वे उच्च गुणवत्ता वाली, कम नुकसान वाली ज्वैलरी प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध हैं।

# बिजली बचाने के संकल्प के साथ पौधारोपण किया

**रोहतक।** द आर्यन पब्लिक स्कूल लाखनमाजरा में वर्ल्ड अर्थ डे पर बिजली बचाने के संकल्प के साथ-साथ किया पौधारोपण। ऑवर पावर, ऑवर प्लेनेट की थीम के साथ-साथ छात्रों को वर्ल्ड अर्थ डे के मनाये जाने का कारण समझाते हुए स्कूल प्राचार्या और मैनेजमेंट सदस्यों ने स्कूल की एनसीसी यूनिट के साथ मिलकर कैंपस में पौधारोपण का कार्य किया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान तेजेंद्र आर्य ने विद्यार्थियों को अपनी धरती को बचाने के लिए जरूरी कार्यों से अवगत कराया, जैसे ज़्यादा से ज़्यादा पेड़ लगाना, कचरा प्रबंधन करना इत्यादि। स्कूल प्रबंधक अनीता सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को स्कूल और अपने आसपास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें ई-वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर भी जागरूक किया। प्रधानाचार्या निशा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा बिजली बचाने की कोशिश करें और जरूरत के समय ही इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स प्रयोग मे लाएं। इस मौके पर प्री प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों के लिए भी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया था।



# सांगवान इंटरनेशनल स्कूल ने पृथ्वी दिवस मनाया




**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल परिसर में पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने सेव अर्थ विषय पर भावपूर्ण भाषण और गीत प्रस्तुत किया, जिनमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। एकेडमिक हेड ऋतु विज ने पृथ्वी के संरक्षण और सेव अर्थ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कैलीग्राफी एवं हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग और डिक्लेमेशन प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सेव अर्थ विषय पर रचनात्मकता और विचारशीलता अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में बत्रा स्क्वाड्रन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, किरियप्पा स्क्वाड्रन द्वितीय तथा मोनिकशॉ स्क्वाड्रन तृतीय स्थान पर रहीं।



### मॉडल स्कूल में हुई विशेष प्रार्थना सभा में पर्यावरण स्वच्छ रखने का किया आह्वान

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा हुई। नन्हे - मुन्ने बच्चों ने विभिन्न वेश धारण कर के पृथ्वी , जल और पेड़ों को बचाने का संदेश दिया । विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपनी कविताओं और भाषण से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्या डॉ .अरुणा तनेजा ने प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'पृथ्वी दिवस' मनाने का उद्देश्य यही है कि हम पृथ्वी,जल और पेड़ों को संरक्षित करें और प्रदूषण न फैलाएं । पृथ्वी को संरक्षित किए बिना मानव -जीवन की कल्पना असंभव हो जाएगी । नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैंसी ड्रेस,हैंड - बैंड और हैड गियर बनाकर तथा वरिष्ठ विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर ,स्लोगन लिखकर और भाषण के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया ।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

NEW FRESH BATCHES
CLAT (LAW) 2026/27
IPM (IIMs) 2026/27
BANK SSC
MCA NDA
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak M. 9254304337

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com
WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

N.I.C. College of Education
Assan (Rohtak)
Staff Required For D.EL.Ed Lect.
Lect.: Science, Maths, English, S.St, (M.A, M.Sc & M.Ed With 55%) Fine Art, Music, Dance (PG)
Walk for interview in working day Time. 9.30am to 1.00pm
Submit Your Bio-Data Within two days & You may send your Bio-Data on Whatsapp
Contact at 9991818487, 9813894150, 9813844250

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
PRO 5
NURSING STAFF 4
ICU STAFF 10
MALE NURSING STAFF 5
HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

# इंडस स्कूल छात्रों ने प्रमाण पत्र और पदक किए प्राप्त



**रोहतक।** इंडस जूनियर विंग के कक्षा दो के छात्रों ने अखिल भारतीय ओलम्पियाड में भिन्न-भिन्न विषयों में राज्य व जोनल स्तर पर अनेक प्रमाणपत्र व पदक प्राप्त किए हैं। इंडस परिवार की तरफ से सभी प्रतिभागियों को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी।

# महम रेलवे स्टेशन बना नशेड़ियों का अड्डा, असुरक्षा का माहौल

## स्टेशन पर सुविधाओं की जानकारी लेने पहुंचे भाजपा नेता अजीत अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

भाजपा नेता अजीत अहलावत को उत्तर रेलवे में यात्री सुझाव समिति का सदस्य बनाया गया है। इनका काम यात्रियों को रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करके सुझाव देने का है। पिछले कई दिन से अजीत अहलावत महम व आस पास के इलाके में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी जुटा रहे हैं। पूरा डाटा एकत्रित करने के बाद ये सुझाव समिति की बैठक में सबूत के साथ अपने सुझाव रखेंगे। इसी कड़ी में गत दिवस उन्होंने मुंढाल रेलवे स्टेशन का दौरा किया था। मंगलवार को उन्होंने महम के रेलवे स्टेशन का दौरा किया। स्टेशन पर मौजूद सुविधाओं एवं समस्याओं का जायजा लिया।



**महम।** रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की जानकारी जुटाते भाजपा नेता अजीत अहलावत व अन्य।

### स्टेशन से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराया

*अजीत अहलावत को इस दौरान स्टेशन अधीक्षक मुनेश मीणा ने उनको स्टेशन से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराया। मीणा ने बताया कि स्टेशन तक पहुंचने का मुख्य मार्ग अभी भी कच्चा है, जिससे यात्रियों को आवागमन में कठिनाई होती है। इसके अतिरिक्त, स्टेशन पर पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर समस्या स्टेशन परिसर और आसपास नशा करने वाले व्यक्तियों की उपस्थिति है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि नशेड़ियों के कारण स्टेशन पर असुरक्षा का माहौल बना रहता है और यात्रियों को असुविधा होती है। रेलवे सुझाव समिति के सदस्य अजीत अहलावत ने आश्वासन दिया है कि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए वे उच्च अधिकारियों से बात करेंगे और जल्द ही इनका निवारण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में हर संभव कदम उठाया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### मदवि में विद्यार्थियो ने ली पृथ्वी संरक्षण की शपथ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग में मंगलवार को पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण की शपथ ली और पोस्टर द्वारा धरती मां के संरक्षण बारे जागरूकता की अलख जगाई। पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो. मीनाक्षी नांदल की अगुवाई में शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने बेहतर कल के लिए पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा धरती मां के संरक्षण के लिए शपथ ली और प्लास्टिक और कचरे के पुनर्चक्रण, शून्य अपशिष्ट और टिकाऊ जीवन शैली के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए पोस्टर भी तैयार किए।

### गोयल क्लब ने 157 रन से जीत हासिल की



**रोहतक।** गोयल क्रिकेट क्लब व पैंथर एकादश के बीच 40 ओवर का इंडिविजुअल मैच खेला गया। यह मैच मंगलवार को जिले के हनुमंत क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। गोयल क्लब की टीम ने 157 रन से मैच जीता। गोयल क्रिकेट टीम की ओर से हर्ष ने 88 रन, हिमांक सहगल ने 49 रन बनाए। पैंथर एकादश की तरफ से राघव, हार्दिक और चैतन्य ने दो-दो विकेट लिए।

### विद्याश्री ने निभाई दान की परंपरा



**रोहतक।** विद्याश्री चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की। बड़ा बाजार स्थित आर्य स्कूल में पुस्तक वितरण का कार्य किया गया। ट्रस्ट के प्रधान अनिल भटनागर ने बताया कि ट्रस्ट पूरे भारत में यह शिक्षादान का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर सदस्य संजय भटनागर, पारस शर्मा, प्रिंसिपल भूपेंद्र सोलंकी तथा स्टाफ मेंबर भी उपस्थित थे। प्रधान ने सहयोग के लिए सुनील कुमार, अनिल कुमार, दिनेश, सौरभ, अभिनव, आरती और रचना का धन्यवाद किया।

## चार महीनों में करीब 100 वारदातें, पुलिस नहीं लगा पा रही रोक

# साइबर अपराध : 7 दिन में 4 लोगों ने गंवाए 9 लाख रुपये

*ठग आए दिन नए-नए तरीकों से वारदातों को दे रहे अंजाम*

नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

हरियाणा में साइबर ठगों का आतंक बढ़ता जा रहा है। ठग नए-नए तरीकों से लोगों की मेहनत की कमाई को लूट रहे हैं। आम लोगों का बैंकों में में पैसा सुरक्षित नहीं है। जिले में 15 अप्रैल से लेकर 22 अप्रैल तक 7 दिन के अंदर 4 लोगों से करीब 9 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आए हैं। वहीं, आज के दौर में लोग ऑनलाइन शॉपिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। ठगों ने भी ऑनलाइन शॉपिंग, बैंक ट्रांजेक्शन से लेकर सोशल मीडिया तक पर अड्डा जमा लिया है। उपभोक्ता ऑनलाइन बिल पेमेंट करने पर, किसी ई-कॉमर्स साइट से गैजेट खरीदने पर, एटीएम से कैश निकालने पर ठगी का शिकार हो रहे हैं। पुलिस भी साइर ठगी के मामलों में रोक नहीं लगा पा रही है। पुलिस के अनुसार, इस चार महीनों में साइबर ठगी की करीब 100 वारदातों को शातिर अंजाम दे चुके है। हैरत की बात यह है कि साइबर ठगी के अधिकतर मामले आज तक अनसुलझे हैं। पुलिस के पास इन आरोपियों को पकड़ने के लिए अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीको से वारदातों को अंजाम दे रहे है। वहीं रोजाना साइबर ठगों के बदलते तरीको से लोग भी उनके झांसे में आने से नहीं बच पा रहे हैं। एसपी गर्ग का कहना है कि सावधानी में ही सुरक्षा है। लोगों को अलर्ट रहना होगा।



### क्रेडिट कार्ड के नाम पर की ठगी

लक्ष्मीनगर निवासी सोनू कुमार ने बताया कि उसके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। उसके मोबाइल पर मैसेज आया कि आपके रिवार्ड प्वाइंट क्रेडिट कार्ड में जमा करने है। इसके लिए एक लिंक मोबाइल पर भेजा। लिंक पर क्लिक किया तो अकाउंट से 2 लाख 30 हजार रुपये कट गए। सोनू कुमार ने बताया कि मैसेज में फ्लिपकार्ड से खरीदारी का पता चला। इसके बाद कस्टमर केयर पर बात कर 70 हजार का ऑर्डर कैंसिल करवाया, जिसके बाद वो पैसे वापस आ गए। लेकिन आरोपी ने इसके बाद भी 1 लाख 60 हजार की ठगी कर ली।

**केस 1**

### जल बोर्ड का अधिकारी बनकर 4 लाख की लगाई चपत

जनता कॉलोनी निवासी नरेश कुमार के साथ जल बोर्ड का अधिकारी बनकर आरोपी ने करीब 4 लाख रुपये की ठगी कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ति नरेश कुमार ने बताया कि उसके जीजा मुरारी शर्मा के पास नवीन नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपने आप को जलबोर्ड में कार्यरत अधिकारी बताया। आरोपी ने नवीन से कहा कि अगर उसने अपना मीटर अपडेट नहीं किया तो पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके लिए एक लिंक नवीन के पास भेजा। नवीन ने काफी प्रयास किया, लेकिन लिंक पर जानकारी नहीं भरी गई। नरेश ने बताया कि जीजा मुरारी ने फोन पर आए लिंक को उसके पास भेजा और फोन करने वाले का नंबर भी दिया। उससे बात की तो उसने लिंक खोलकर जानकारी भरने को कहा। जब लिंक ओपन कर जानकारी भरी तो उसके खाते से 3 लाख 99 हजार 917 रुपये कट गए।

**केस 2**

### अनजान लिंक पर किया क्लिक मोबाइल से कटे 1.40 लाख रुपये

एक युवक के साथ क्रेडिट कार्ड के नाम पर 1 लाख 40 हजार रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। मोबाइल पर आए लिंक पर क्लिक करते हुए युवक के अकाउंट से रुपये कट गए। पीड़ति ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ति विकास कुमार निवासी जिला सारण बिहार हाल किराएदार हुमांयूपुर ने बताया कि उसके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। उसके मोबाइल पर एक कॉल आया और कॉलर ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया। कॉलर ने कहा कि उसके क्रेडिट कार्ड में रिवार्ड जमा हो रखे है, जिन्हें पैसों में बदलकर उसके क्रेडिट कार्ड में जमा कर देंगे। विकास कुमार ने बताया कि आरोपी ने उसके मोबाइल पर एक गुगल लिंक भेजा, जिस पर क्लिक किया तो उसमें आईसीआईसीआई बैंक की साईट खुल गई। उसके बाद आरोपी के बताए अनुसार फार्म भर दिया और ओटीपी भी भर दिया।

### ऑनलाइन प्रोफिट का दिया लालच

*एक युवक से ऑनलाइन प्रोफिट के नाम पर 74 हजार 310 रुपये की धोखाधड़ी की गई। युवक ने कई खातों से रुपये आरोपियों के पास ट्रांसफर किए। सनसिटी सेक्टर-36 निवासी सुमित कुमार ने बताया कि वह शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का काम करता है। 1 अप्रैल को उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया, जिसमें मार्केट में प्रोफिट बेस पर काम करने की बात कही गई। साथ ही आरोपियों ने प्रोफिट वर्क व ऑनलाइन प्रोफिट ट्रांसफर के कुछ स्क्रीन शॉट भी शेयर किए। सुमित कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उसे लालच दिया कि अगर 20 हजार रुपये इंवेस्ट किए तो शाम तक मार्केट क्लोज होने के समय उसे 97 हजार 700 रुपये प्रोफिट करके ऑनलाइन ट्रांसफर कर देंगे। इसी लालच में दोस्त सुनील के माध्यम से 20 हजार रुपये आरोपियों द्वारा दिए गए क्यूआर कोड पर गुगल पे करवा दिए। सुमित कुमार ने बताया कि आरोपियों ने इसके बाद 29910 रुपये अपने रिश्तेदार के अकाउंट से आरोपियों के पास भेजे। वहीं मेम्बरशिप ज्वाइन करने के नाम पर 14700 रुपये गूगल पे करवाए। आरोपियों ने अगले दिन 9700 रुपये पैसे निकालने के नाम पर जमा करवाए। बाद में जब संपर्क करने का प्रयास किया तो आरोपियों का फोन बंद आने लगा, जिससे ठगी का एहसास हुआ। सुमित कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 74 हजार 310 रुपये की धोखाधड़ी की है।*




### एचडी पब्लिक स्कूल में मनाया अर्थ डे

**रोहतक।** बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अर्थ डे के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए कक्षानुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की गई, जिनका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण, रचनात्मकता और प्रकृति पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रधानाचार्य दुलाल देब ने बताया कि कक्षा 1 व 2 से विद्यार्थियों ने छोटे-छोटे पौधे लगाकर प्रकृति से जुड़ने का अनुभव किया। साथ ही कक्षा 3 से 5 तक छात्रों ने वेस्ट सामग्री से आकर्षक क्राउन, फेस मास्क और अन्य उपयोगी वस्तुएं तैयार की। वहीं, कक्षा 6 से 8 तक छात्रों ने पृथ्वी संरक्षण और पोषण विषयों पर चित्र बनाएं। साथ ही कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के तहत पर्यावरणीय संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र फोगाट, शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट एवं प्रधानाचार्य दुलाल देब ने छात्रों की इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, प्रकृति प्रेम एवं रचनात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं।



**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता।

### एक मई को मजदूर आंदोलन के संघर्षों को याद करते हुए मनाया जाएगा मजदूर दिवस

**रोहतक।** सिंचाई भवन यूनियन कार्यालय में कर्मचारी मजदूर संगठनों की संयुक्त बैठक सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कर्मवीर सिवाच की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में बोलते हुए सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव जयवीर चहल और सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि 1 मई को मजदूर दिवस पर शहर के मानसरोवर पार्क में संकल्प सभा करेंगे और शहर में प्रदर्शन करेंगे, जहां शिकागो के अमर शहीदों को याद किया जाएगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि श्रम कानूनों में बदलाव कर थोपे गए मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड रद्द किए जाएं, सभी उद्योगों एवं सरकारी क्षेत्र में श्रम कानून शक्ति से लागू किए जाएं। उन्होंने कहा न्यूनतम वेतन 26000 रुपये घोषित किया जाए, आउटसोर्स ठेका प्रथा बंद की जाए, सभी कच्चे एवं परियोजना वर्करों आशा, आंगनवाड़ी, मिड डे मील, क्रैच वर्करों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाई जाए।

# बच्चों ने किया पौधरोपण, निकाली रैली

## आर्य स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आर्य स्कूल मदीना के बच्चों ने अर्थ डे के उपलक्ष्य पर मदीना गांव में एक जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें पृथ्वी को बचाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान बच्चों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर रैली में भाग लिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में नारे लगाए और लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चों ने पेड़ लगाने और जल संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा अपने संदेश में कहा कि पृथ्वी हमारी मां है और इसकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाएं और पृथ्वी को बचाने में योगदान करें। रैली का समापन सीएचसी मदीना में पौधारोपण कर किया गया । एसएमओ. डॉ सुशीला मलिक व अन्य स्टाफ सदस्यों ने बच्चों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य अशोक दांगी व संदीप दांगी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि इस तरह की रैलियों से न केवल बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में पता चलता है, बल्कि वे अपने परिवार और समुदाय के लोगों को भी जागरूक कर सकते हैं।





### 24 को गांव ईस्माइला में लगेगा मेगा सर्विस कैंप : सीजेएम

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि जिला के गांव ईस्माइला 11बी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 24 अप्रैल 2025 को सुबह 9 बजे से मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी हेल्प डेस्क लगाएंगे, जिसमें आम जनता की समस्याओं को मौके पर ही निपटाया जाएगा। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि मेगा सर्विस कैंप में पेंशन से संबंधित, राशन कार्ड, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, बिजली समस्या, पानी समस्या, आदि समस्याओं को लेकर हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया



# आबादी देह, लाल डोरा के अन्तर्गत आने वाली संपत्तियों के दिए जाएंगे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- नगर आयुक्त ने नगर निगम व पालिकाओं के अधिकारियों के साथ ली बैठक

नगर आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि नगर निगम व पालिकाओं के साथ बैठक आयोजित कर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आबादी देह/लाल डोरा के अन्तर्गत आने वाली सम्पत्तियों के अधिभोगियों को दिए जाने वाले सम्पत्ति प्रमाण पत्र के कार्य में तेजी लाए तथा सम्बन्धित को जल्द से जल्द प्रमाण पत्र देने की कार्यवाही अमल में लाए। इसके अतिरिक्त सम्पत्तिकर का कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि आमजन से प्राप्त आवेदनों पर अविलंब कार्यवाही सुनिश्चित करें, बिना किसी कारण के देरी करने वाले पर हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाए। प्रतिदिन लंबित आवेदनो के कार्य की समीक्षा कर उनका समाधान करवाया जाये ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा अधिकारी सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे तथा आमजन को इस बारे जागरूक किया जाये कि यह अति आवश्यक प्रक्रिया है। सम्पत्ति को स्वतः प्रमाणित करने पर सम्पत्ति मालिक के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आईडी पर अपना आवेदन नहीं कर सकता। बैठक में संयुक्त आयुक्त भूपेन्द्र सिंह व नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया व नवीन कुमार धनखड़, वरिष्ठ लेखा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, उपनिगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी जगबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



**रोहतक।** अधिकारियों को निर्देश देते नगर आयुक्त धर्मेंद्र सिंह।

# विद्यार्थी आउट ऑफ बॉक्स सोचकर खुद को अपडेट रखें: प्रो. मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च पर फोकस करें। मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च से न केवल शैक्षणिक उन्नति होगी, बल्कि समाज और प्रकृति को भी लाभ पहुंचेगा। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग के तत्वावधान में आज- मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च इन साइंस विषय पर आयोजित नेशनल सेमिनार में डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. ए.एस. मान ने व्यक्त किए। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान ने बतौर मुख्यातिथि इस नेशनल सेमिनार का शुभारंभ किया। प्रो. मान ने कहा कि विद्यार्थी आउट ऑफ बॉक्स सोचें। खुद को अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि जटिल समस्याओं के समाधान, नवाचार में वृद्धि, व्यापक सामाजिक प्रभाव तथा नए शोध क्षेत्रों के विकास के लिए शोधार्थी मल्टीडिसीप्लिनरी रिसर्च के लिए आगे आएं। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने शुभारंभ सत्र में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। जेएनयू, नई दिल्ली के स्पेशल सेंटर फॉर नैनोसाइंसेज की डॉ. प्रतिमा सोलंकी, पं. बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार अत्री, एमडीयू के डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो. हरीश दुरेजा ने बतौर वक्ता सेमिनार में शिरकत की। आयोजन सचिव प्रो. सुधीर कुमार कटारिया और प्रो. सुदेश रानी ने संचालन-समन्वयन सहयोग दिया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक, जीव विज्ञान संकाय के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस नेशनल सेमिनार में 60 ओरल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की गई।



**रोहतक।** आयोजित सेमिनार को सम्बोधित करते कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत।

**आदेश** | पराली जलाने वाली घटनाओं को लेकर कृषि विभाग ने कसी कमर

# फसल के अवशेष जलाए तो खैर नहीं देना पड़ सकता है भारी जुर्माना

*जिले में इस बार एक लाख 5 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल उगाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

गेहूं की कटाई के साथ ही खेतों में फसल अवशेषों का अंबार लगना शुरू हो गया है, लेकिन अगर आप भी इन अवशेषों से छुटकारा पाने के लिए आग लगाने की सोच रहे हैं, तो सावधान हो जाइए। इस बार ऐसा करना भारी पड़ सकता है, क्योंकि कृषि विभाग पूरी तरह से सख्त मोड़ में है। जिले में फसल अवशेष जलाने पर हजारों रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ना जलाओ अवशेष, ना बढ़ाओ परेशानी यह संदेश देने के लिए कृषि विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की ओर से पूरे जिले में तीन निगरानी टीमों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव जाकर न केवल किसानों को जागरूक करेंगी बल्कि निगरानी भी करेंगी कि कोई खेतों में आग तो नहीं लगा रहा। कृषि विभाग के एसडीओ डा संदीप कुमार ने जानकारी दी कि जिले में इस बार एक लाख 5 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल बोई गई थी। अब तक करीब 80 प्रतिशत कटाई हो चुकी है। कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेष अक्सर कई किसानों द्वारा जला दिए जाते हैं, जो पर्यावरण को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इससे भूमि की उर्वरता घटती है, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है ,और वायु प्रदूषण भी होता है. सरकार ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि फसल अवशेष जलाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यदि कोई किसान नियमों की अनदेखी करता है तो उससे हजारों रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। एसडीएम उत्सव आनंद ने बताया कि कृषि विभाग की टीमें न केवल निगरानी करेंगी, बल्कि गांवों में किसानों से संवाद भी करेंगी ताकि उन्हें अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में बताया जा सके। विभाग का मानना है कि जागरूकता ही बचाव है, और यदि किसान सहयोग करें तो इस गंभीर समस्या का समाधान संभव है। आग न जलाएं, समाधान अपनाएं ।यही संदेश लेकर कृषि विभाग हर किसान तक पहुंचने की कोशिश कर रहा है। विभाग ने सभी किसानों से अपील की है कि पर्यावरण और अपनी भूमि की उर्वरता की रक्षा के लिए जिम्मेदारी से काम लें और फसल अवशेष जलाने से बचें।



फाइल फोटो